# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 12.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 12.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों की विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री आशुतोष तिवारी व उनकी टीम द्वारा पुरानी रंजिश के चलते हत्या कर शव को नहर किनारे फेंकने के 01 आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
संक्षिप्त विवरण-
उल्लेखनीय है कि दिनांक 03.01.025 को वादिया प्रभावती पत्नी स्व0 राकेश कुमार निवासी भदेदू बांगर द्वारा थाना सरधुवा पर सूचना दी कि गांव के ही राजकुमार ,बलवीर पुत्रगण जुगराज निषाद,अमृतलाल पुत्र श्रीपाल तथा देवदत्त पुत्र कधई निवासी सगवारा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट द्वारा मेरे पति को लकड़ी काटने के लिए भदेदू बागीचे ले गए जहां मेरा लड़का खाना देने को गया तो मेरे पति वहां नहीं मिले काफी खोजबीन करने के बाद सिया सिंह इंटर कॉलेज खोपा के पास नहर मेरे पति का शव पड़ा मिला। मेरे पति की हत्या पुरानी रंजिश के चलते राजकुमार आदि द्वारा करके शव को नहर में फेंक दिया गया है। घटना की सूचना पर थाना सरधुवा में मु0अ0सं0 06/2025 धारा 103(1),238B,61(2)(a) बनाम 04 नामजद अभियुक्त पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक सरधुवा को निर्देशित किया गया। आज दिनांक 12.01.2025 को प्रभारी निरीक्षक सरधुवा व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त राजकुमार पुत्र जुगराज को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1.प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री आशुतोष तिवारी
2.आरक्षी शक्ति सिंह
3.आरक्षी चालक राहुल पुरी

**(4).** आज दिनांक 12.01.2025 को लिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिह के निर्देशन में आगामी महाकुंभ मेला-2025 प्रयागराज को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में चित्रकूटधाम कर्वी में आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं /पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपरान्ह पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागृह में जनपद के होटल,लॉज,सराय,धर्मशाला, टूरिस्ट बंगला आदि प्रतिष्ठानों के संचालक/प्रबंधकों के साथ एक सौहार्दपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में शासन/उच्चाधिकारियों द्वारा सुरक्षा हेतु निर्गत किये गये आवश्यक आदेशों/ निर्देशों को सर्वसंबंधित को अवगत कराया गया एवं अन्य स्थानीय समस्याओं पर भी उनसे विचार-विमर्श किया गया।
पुलिस उपाधीक्षक प्रज्ञान श्री अजेय कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल, निरीक्षक, प्रज्ञान श्री एन0बी0 पाठक,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

**(5).** आज दिनाँक 12.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन्स परिसर में प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण के नेतृत्व में पुलिस लाइन्स, फील्ड यूनिट,साइबर थाना, डायल 112 कार्यालय, अभियोजन कार्यालय, न्यायालय सुरक्षा में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा एवं वाचक पुलिस अधीक्षक श्री राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में,क्षेत्राधिकारी नगर में नियुक्त पुलिस कर्मियों द्वारा कार्यालय श्रमदान किया गया ।
इस दौरान सभी को अपने आस-पास साफ-सफाई रखने एवं स्वच्छ रहने हेतु प्रोत्साहित किया गया।
इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मीडिया सेल श्री निशिकान्त राय,प्रभारी निरीक्षक जनसूचना सेल श्री जयप्रकाश उपाध्याय,प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ श्री पवन कुमार प्रधान एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/ब्रिकी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री विनोद कुमार राय के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री शिवपूजन सरोज व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त राजेश खटीक पुत्र लालमन निवासी ग्राम खजुरिया कला थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना मऊ पर धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.उ0नि0 श्री शिवपूजन सरोज थाना मऊ

2.आरक्षी मनीष यादव

3.आरक्षी नंदलाल

**(7).** आज दिनांक 12.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन सिंह की उपस्थिति में आगामी महाकुंभ के दृष्टिगत शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना राजापुर अंतर्गत कौशांबी बॉर्डर ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को चेक किया गया तथा संदीग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग करायी गयी तत्पश्चात थाना राजापुर का आकस्मिक निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक राजापुर को महाकुंभ के दृष्टिगत क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए लगातार भ्रमण करने तथा रात्रि गस्त व पिकेट में लगे कर्मचारियों को महाकुंभ से सम्बन्धित दिशा निर्देश से अवगत कराते हुए आने जाने वाले श्रद्धालुओं से विनम्र व्यवहार रखने हेतु बताया गया तथा थाना परिसर में साफ सफाई,अलाव की व्यवस्था,पानी की व्यवस्था,शौचालय आदि की साफ सफाई कराने हेतु निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी राजापुर श्री मनोज कुमार,अपराध निरीक्षक विनय विक्रम सिंह व पीआरओं श्री प्रवीण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

**(8).** आज दिनांक 12.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा आगामी महाकुंभ के दृष्टिगत शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु कोतवाली कर्वी अंतर्गत अंतर्राज्यीय बैरियर देवांगना घाटी पर संदिग्ध व्यक्ति/संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई तथा चेक पोस्ट पर लगे आईटीवीपी के जवानों को जंगल का रास्ते होने के कारण,क्षेत्र से अवगत कराते हुए विशेष सावधानियों बरतने के बारे में बताया गया,समस्या होने के पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराने तथा सुधार हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया ।